संक्षिप्त

युवती का शव कुएं में मिला

बौंली-बामनवास। सवाई माधोपुर जिले के सूरवाल थाना अंतर्गत सुनारी गांव में घर से गायब युवती का शव कुएं में तैरता मिला इसकी सूचना ग्रामीणों ने सुरवाल थाना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनारी गांव के मुकेश नाथ की पुत्री प्रिया गुरुवार शाम से ही घर से बिना बताए गायब हो गई थी जिसकी तलाश परिजन कर रहे थे इसी दौरान शुक्रवार को सुबह जब ग्रामीण अपने काम से उधर गए तो देखा की बावड़ी के पास कुएं के नजदीक चप्पल खुल रही है ग्रामीणों ने कुएं में जाकर देखा तो प्रिया का शव कुएं में नजर आया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

11 नवम्बर तक होंगे आवेदन

निवाई। राजकीय महाविद्यालय में बीए पार्ट प्रथम में रिक्त पदों पर ऑफ लाईन आवेदन पूनः शुरू हो गए हैं। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि बीए पार्ट प्रथम में रिक्त रहे पदों पर ऑफ लाईन आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। ऐसे छात्र जो महाविद्यालय में पूर्व में प्रवेश से वंचित रह गए हैं उनके लिए यह अंतिम मौका है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी 11 नवम्बर तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर आवेदन करके प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑफलाईन प्रवेश लेने के पश्चात 13 नवम्बर तक महाविद्यालय में फीस जमा कराने के उपरांत ही प्रवेश को अंतिम रूप दिया जाएगा।

गोपाष्टमी महोत्सव आज

निवाई। श्री दामोदर गौशला में गौशाला प्रबंध समिति के तत्वावधान में शनिवार को गौशाला का 66 वां वार्षिकोत्सव एवं पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। समिति के प्रवक्ता चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया कि महोत्सव को लेकर शनिवार को सुबह 8 बजे गौशाला में गौ पूजन का आयोजन होगा। इसी प्रकार दोपहर 2 से 4 तक हरिनाम संकीर्तन, 4 से 5 बजे तक खुला अधिवेशन एवं शाम 5 बजे स महाप्रसादी का आयोजन होगा। इसी प्रकार संत आशाराम गौशाला में शनिवार को गोपाष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर गौशाला में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक सत्संग, भजन संकीर्तन व गौ पूजन का आयोजन होगा।

अतिक्रमण मुक्त कराया

सावरदा । मौजमाबाद पंचायत समिति क्षेत्र की गिदानी ग्राम पंचायत के पालुखुर्द गांव में राजपुत समाज के श्मशान घाट पर एक व्यक्ति विशेष के द्वारा अतिक्रमण किया हुआ था । जिसे शुक्रवार को तहसीलदार मौजमाबाद सुरेन्द्र विश्नोई , नायब तहसीलदार बिचुन राजवेन्द्र सिंह की उपस्थिती में अतिक्रमण मुक्त कराया गया । अतिक्रमण को लेकर राजपुत समाज कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुका था। जिस पर संघान लेते हुए उपखण्ड अधिकारी मौजमाबाद द्वारा आदेश जारी कर प्रशासन को निर्देश जारी कर उक्त भुमि को अतिक्रमण मुक्त करवाए जाने को लेकर पुलिस इमदाद मुह्या करवा कर अतिक्रमण हटाया गया। इस अवसर पर मौजमाबाद थाना इंचार्ज संजय मीणा मय जाप्ता तथा भु अभिलेख अधिकारी परसराम मीणा, पालु पटवारी परमेश्वर चौधरी, गिदानी पटवारी गिर्राज चौधरी , सरपंच लाड़ा देवी , उपसरपंच राजेन्द्र जांदू , सरपंच प्रतिनीधी गोपीराम सोढा, वार्ड पंच प्रदीप कुमार जांगीड सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे ।

प्रदेश उपाध्यक्ष का किया स्वागत

निवाई। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित लकवाल का निवाई में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष लकवाल ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन सरकार ने कई जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है उसका आम जनता को लाभ मिल रहा है। इस दौरान अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा के पूर्व विस्तारक खेमचंद गंगवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा शहर अध्यक्ष लोकेश बैरवा, लक्की बैरवा व अजय बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

आज बंद रहेगा मंडी व्यापार

निवाई। शनिवार को गोपाष्टमी महोत्सव को लेकर मंडी व्यापारी प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। इस दौरान मंडी में शनिवार को क्रय विक्रय बंद रहेगा।

हमने विकसित संकल्प पत्र का 50 फीसदी 10 माह के कार्यकाल में पूरा किया : भजनलाल शर्मा

टोंक/देवली। जिले की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जहां अपने 10 माह के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा, वही उन्होने कांग्रेस पर भी जमकर प्रहार किया।

मुख्यमंत्री ने आमजन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे द्वारा विकसित संकल्प पत्र का 50 फिसदी हमने 10 माह के कार्यकाल में पूरा कर दिया है। किसान भाईयों से हम वादा करते है कि 2027 किसानों को पूरे दिन सुबह 8 बजे से सांय 6 बजे तक नियमित बिजली मिलेगी। साथ ही जेसा कि घोषित किया गया था केन्द्रीय सरकार द्वारा उसी के अनुरूप किसान सम्मान निधि राशि की पहली किस्त किसान भाईयों तक पंहुचा दी गई हैं, जिसकी दुसरी किस्त भी किसान भाईयों तक पंहुचेगी। धारा 370 को लेकर हो रहे हंगामें पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गांधी चाहे जितनी ताकत लगाने पर वह सफल नही होगें।

भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर के समर्थन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभा को सम्बोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए है। भ्रष्टाचारियों की सूची देखें तो सोनिया गांधी आज जमानत पर, राहुल गांधी जमानत पर, प्रियंका गांधी-रोबर्ट वाड्रा, पी-चिदंबरम, हेमेंत सोरेन, डीके शिव कुमार, अनिल देशमुख कीर्ति चिदंबरम, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे के पुत्र सहित कई नेता भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त है।भ्रष्टाचार के मामलों में कांग्रेस पार्टी के अधिकांश नेता जमानत पर आकर राजनीति कर रहे है। कांग्रेसियों ने जनता के पसीने की कमाई को खाने का काम किया। जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के टैक्स के पैसे को विकास में लगाया और भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने का काम किया। ऐसे में हमें क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए भाजपा के प्रत्याशी को जीताकर विधानसभा में भेजना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ताकत बनना है। सभा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, देव नारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, विधायक उदय लाल भड़ाना, विधायक ललित मीणा, विधायक रामवतार बैरवा, विधायक झब्बर सिंह सांखला, विधायक राधेश्याम बैरवा, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, देवली शहर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणावत, भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर मौजूद रहे।

- **भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर की चुनावी सभा में गरजे मुख्यमंत्री**

निम्स यूनिवर्सिटी में छात्र ने की आत्महत्या

मानपुरा माचेड़ी । चंदवाजी थाना क्षेत्र में जयपुर दिल्ली हाइवे पर चंदवाजी के पास स्थित निम्स यूनिवर्सिटी में स्थित एक होस्टल में यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने फंदे से लटके छात्र को उतारकर चिकित्सको को दिखाया।चिकित्सको ने छात्र की मृत घोषित कर दिया। निम्स यूनिवर्सिटी परिसर में स्थित अंबेडकर हॉस्टल में एक छात्र ने फाँसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली होस्टल के फ़र्स्ट फ़्लोर पर रूम नंबर 214 मैं एक छात्र पखे से फाँसी का फंदा लगाकर लटका हुआ था। छात्र का नाम अभिषेक पाठक दोहरी रोड बरेली उत्तरप्रदेश हाल छात्र बीबीए थर्ड ईयर निम्स ।छात्र को पंखे से फंदा खोलकर उतरवाया जाकर डॉक्टर को दिखाया गया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण के लिए होगें प्रभावी प्रयास : एसपी राजन दुष्यंत

पावटा। कोटपुतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने शुक्रवार को वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत व थाना प्रभारी मनोहरलाल की मौजूदगी मे विराटनगर पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत व थाना प्रभारी मनोहरलाल के नेतृत्व मे उनके सम्मान मे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में कार्यरत एसपी वंदिता राणा का स्थानान्तरण किये जाने के बाद एसपी राजन दुष्यंत को जिला कोटपुतली बहरोड की कप्तानी सौंपी गई है।

एसपी राजन दुष्यंत ने शुक्रवार को विराटनगरथाना प्रभारी मनोहर लाल के साथथाने का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। उन्होंने विराटनगर थाने का राउंड लेकर थाने में जप्त माल, माल खाना, परिसर स्वच्छता, कंप्यूटर शाखा, एचएम कार्यालय, मैस मे जवानो को शुद्ध खाना खाकर स्वस्थ्य रहने की सलाह दी।

वही विराटनगर थाना परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक मिलने पर एसपी ने विराटनगर थाना प्रभारी मनोहरलाल समेत पुलिसकर्मियों की तारीफ की। वही इस दौरान विराटनगर थाने की मेस का भी निरीक्षण कर पुलिस जवानो को शुद्ध खाना खाकर अपने आप को स्वस्थ्य बनाये रखने की बात कहीं।

पुलिस अधीक्षक दुष्यंत ने विराटनगर पुलिस थाने का निरीक्षण किया।

एसपी राजन दुष्यंत ने कहा कि सभी पुलिसकर्मी थानों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखे। साफ सफाई से न केवल सुंदरता बनी रहती, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। उन्होंने पुलिसकर्मियों की समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही निपटारा करते हुए कहा कि पुलिस थानों में शिकायत लेकर पहुंचने वाले शिकायत कर्ताओं के साथ पुलिस का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। साथ ही शिकायत पर तुरंत एक्शन भी ले। इससे जनता के बीच पुलिस का अच्छा मैसेज जाएगा।

- **जयपुर ग्रामीण के नवनियुक्त एसपी राजन दुष्यंत ने किया विराटनगर थाने का निरीक्षण**

आजिविका सुधारने के लिये महिलाओं को वितरित की सिलाई मशीनें

कोटपूतली। दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन योजना के तहत नगर परिषद क्षेत्र में गठित क्षेत्र स्तरीय संघ की महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से एल पी एस विकास संस्थान द्वारा स्वरोजगार के प्रशिक्षण के साथ सिलाई मशीनें पार्षद प्रतिनिधि अनिल शरण बंसल व संस्थान के निदेशक रामभरोस मीणा की उपस्थिति में वितरण की गई। महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में सिलाई सिखने के लिए सैंटर खोले जाने को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया कि वे यहां सिलाई सिखने के बाद अपनी आजीविका को सुधार कर परिवार को आर्थिक सम्बल प्रदान कर सकती हैं। एल पी एस विकास संस्थान द्वारा 2023-24 संचालित स्वयं सहायता समूह के तीसरे दिन शुक्रवार को संगठन निर्माण को लेकर सदस्यों का बंटवारा करने के साथ बैंक खाता खुलवाने तथा रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। वित्तिय वर्ष के तहत गठित समुह के तृतीय व चतुर्थ स्तर के कार्यो को लेकर एक साथ सभी समुहों तथा ए एल एफ के सभी घटकों को लेकर प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान कोमल मीणा, टीना चौहान, संतोष आर्य, पिंकी देवी, मोनिका सेहरा, सानिया खटीक, प्रिया कुमारी, निशू मीणा, सीमा सैन को सिलाई मशीन वितरित की गई। कार्यक्रम में 40 महिलाओं ने भाग लिया। वहीं इस मौके पर रोशनी सैनी, हेमलता मीणा, कुमारी काजल, शीला देवी को नये ए एल एफ की अध्यक्ष बनाया गया।

- **नगर परिषद क्षेत्र में गठित क्षेत्र स्तरीय संघ की महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से एल पी एस विकास संस्थान द्वारा स्वरोजगार के प्रशिक्षण के साथ सिलाई मशीनें**

महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करते पार्षद प्रतिनिधि अनिल शरण बंसल व संस्थान के निदेशक रामभरोस मीणा।

भाजपा सरकार कराएगीं रामगढ़ का विकास : मेघवाल

केंद्रीय मंत्री ने सुखवंत के समर्थन में किया जनसंपर्क।

अलवर। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा का भी जनसंपर्क अभियान चरम सीमा पर है। आज शुक्रवार को केंद्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी एक दिवसीय दौरे पर रामगढ़ आए। इस दौरान उन्होंने गुलाब वाटिका रामगढ़ में अनुसूचित जाति के सम्मेलन को संबोधित किया।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार के नाम पर वोट देने और रामगढ़ का विकास करवाने का आ ान किया। मेघवाल ने भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 13 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में करवाने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता और पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल सहित पार्टी के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

वही, भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह का भी सघन जनसंपर्क अभियान जारी है। शुक्रवार को सुखवंत सिंह ने ग्राम मीनापुरा, नैनापुरा, धनखेड़ा जातपुर, लालपुरी बम्बोली, खूंटेटा, लालपुरी, गुर्जर बास, चोरोटी, माली बास, नसोपुर, सिरमौर, कोठी बास, बरवाड़ा, मालपुर सहित अन्य गांवों में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणों को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने विकास और भाईचारे के नाम पर भाजपा को वोट देने की अपील की।

नगरपालिका की टीम ने अस्थाई अतिक्रमण को हटाया

पावटा। कस्बे के मुख्य बाजार व सर्विस रोड पर को नगरपालिका की टीम की ओर से दुकानों के सामने अस्थाई सामान को लगाकर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।

इस दौरान टीम ने व्यापारियों को भविष्य में मे दुकान के बाहर सामान लगाने पर जप्त करने की कार्यवाही का निर्देश भी दिये। पालिका ई ओ फतेहसिंह मीणा ने बताया कि मुख्य बाजार व सर्विस रोड पर अस्थाई सामान लगाकर अतिक्रमण को लेकर बार बार शिकायते मिल रही थी। जिसे लेकर अस्थाई अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाया गया।

उन्होंने बताया की व्यापारियों दुकानों के बाहर सामान लगा देने से रास्तो मे राहगीरो व वाहन चालको को काफी परे शानियो का सामना करना पड रहा है। अतिक्रमण होने से रास्ते संकरे होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानों के बाहर व्यापारियों द्वारा सामान लगा देने से वाहन भी पूरी तरह से नही निकल पाते है।

जाम की स्थिति बनने पर एक दूसरे से झगडा करने पर उतारू हो जाते है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए नगरपालिका की ओर से अस्थाई अतिक्रमण को हटाने का अभियान चलाकर व्यापारियों से सामान नहीं लगाने की समझाइए की गई।

यदि पालिका के दिशा निर्देश अनुसार व्यापारियों ने वापस अस्थाई अतिक्रमण लगाकर रास्ता रोकने का प्रयास किया तो पालिका की ओर से सामान जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान दुकान दारों को हिदायत दी गई कि अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण को या तो दुकानदार स्वयं हटा ले नही तो नगर पालिका की टीम द्वारा अतिक्रमण हटा दिया जाएगा।

नगर पालिका की टीम ने पुलिस प्रशासन की मदद से मुय बाजारों व सर्विस रोड पर दर्जन भर दुकानों के सामने लगे सामान को हटाया और उन्हे भविष्य मे सडक पर सामान नही नही लगाने के लिए पाबंद किया। इस कडी कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर नगरपालिका की सती का संदेश दिया गया है।

मुख्य बाजार व सर्विस रोड पर अस्थाई अतिक्रमण हटाते पालिकाकर्मी।

- **दुकानों के सामने अस्थाई सामान को लगाकर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई**

विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया

शाहपुरा । शहर में स्थितराजकीय उप जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया गया। इस दौरान रेडियोलोजी प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि एक्स रे के जनक विल्हेम कोनार्ड रोंजन जो कि एक जर्मन यांत्रिक अभियंता व भौतिकी शास्त्री थे। उन्होंने 8 नवंबर 1895 को एक्स रे की खोज की थी, जिसके लिए इनको सन 1901 में भौतिकी के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इसके उपलक्ष्य में हर साल 8 नवम्बर को विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया जाता है। बार-बार एक्स-रे करवाना शरीर के लिए हानिकारक होता है। इस दौरान उपजिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रविन्द्र यादव, डॉ शिवकुमार सारण, डॉक्टर अशोक कुमार बाजिया, डॉक्टर मोहम्मद अफजल, डॉक्टर शिवानी यादव, डॉ विष्णु भारद्वाज, डॉक्टर ज्योति, प्रकाश योगी, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर जुगल किशोर शर्मा, सुरेंद्र कुमार, विक्रम सैनी नर्सिंग ऑफिसर, तेजाराम सैनी रेडियोग्राफर, निशांत रूंडला, मुकुल शर्मा, डिंपल पीपलीवाल सहायक रेडियोग्राफर सहित कई लोग मौजूद रहे।

सार-समाचार

ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का निरीक्षण

फुलेरा । कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत बरडोटी में गुरुवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन सरपंच मूलचन्द गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम स्तरीय जनसुनवाई का विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें पशुधन सहायक अनुपस्थित मिले तथा विकास अधिकारी ने उपस्थित कार्मिकों को जनसुनवाई में निश्चित समय तक उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए कनिष्ठ सहायक रूपनारायण कुमावत ने बताया कि ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में कुल 6 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें समीम मोहम्मद ने अपने भाई के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए परिवाद दर्ज कराया और कैलाश ने नामांतरण के लिए परिवाद दर्ज कराया। उक्त दोनों परिवादो का मौके पर ही निस्तारण किया गया और चुन्नीलाल कुमावत ने पशु केन्द्र के लिए भवन निर्माण का परिवाद दर्ज कराया। जिसे पशुपालन विभाग को प्रेषित किया गया। वहीं छोटू मोहम्मद ने ग्राम पंचायत बरडोती क्षेत्र के विभिन्न सड़कों के किनारे से बबुल के पेड़ हटाने का परिवाद दर्ज कराया जिन्हें पीडब्ल्यूडी विभाग को प्रेषित किया गया। इसके अलावा गोविन्द राम कुमावत ने अपने खसरा नंबर में से बैंक ऋण हटाने का परिवाद दर्ज कराया और लालचन्द कुमावत ने ग्राम पंचायत में पानी की सप्लाई नहीं होने का परिवाद दर्ज कराया। जिन्हें सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक रूपनारायण कुमावत ,सरपंच मूलचन्द गुर्जर, पटवारी बबीता वर्मा, कृषि पर्यवेक्षक रघुनाथ धायल, वार्ड पंच लालचन्द कुमावत, छोटू मोहम्मद सहित अन्य कई लोग उपस्थिति रहे।

द कैरियर वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा कार्यकारिणी का गठन

मनोहरपुर । शहर के खाकिशाह (ईदगाह) स्थित खाकिशाह बाबा परिसर में ''द कैरियर वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट'' द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष डॉ. शाहरुख शाह, उपाध्यक्ष राशिद शाह, सचिव नवाब शाह रायसर और कोषाध्यक्ष अयूब शाह राडावास उपस्थित रहे। कार्यकारिणी के रूप में अध्यक्ष पप्पू शाह को नियुक्त किया गया और उपाध्यक्ष शाहरुख शाह (शाहपुरा) को बनाया गया। महासचिव पद पर हकीम शाह (चांदवाजी) और जाकिर शाह (भेसावा) को चुना गया इस दौरान सचिव मंडल में शामिल सदस्यों के नाम इस प्रकार हैः जुमरुद्दीन (पालडी), अंसार शाह (शाहपुरा), मोहम्मद शोकिन (झोटवाड़ा),सदाम, कय्यूम (मनोहपुर),गुलाब नबी (रायसर),वसीम क़ाज़ी (शाहपुरा), सोहिल (मनोहरपुर) रहे। इसी प्रकार संगठन मंत्री के रूप में शाबाज (भावनी), फारुख (मेड), नसरु (मेड़), सदाम (बिलंदरपुर), हसीम अली (झोटवाड़ा) और आशिफ खान (झोटवाड़ा) को शामिल किया गया है। वही प्रवक्ता के रूप में तबस्सुम (रायसर) और मीडिया प्रभारी के रूप में शाहरुख खान (खेलना) को नियुक्त किया गया। सदस्यगणः अल्मू, इमरान, शम्शु, याकूब, साजिद और आशिफ खान अजनबी नवाब आदि। यह कार्यकारिणी ट्रस्ट के विभिन्न कार्यक्रमों और समाजसेवी कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने का कार्य करेगी।

चोरी की नियत से घर मे घुसे दो युवकों को ग्रामीणों ने दबोचा

मालपुरा । टोडारायसिंह क्षैत्र के कल्याणपुरा के पास रामेश्वरपुरा गांव मे बीते दिन गुरूवार की रात्री को चोरी की नियत से एक घर मे घुसे दो युवको को ग्रामीणो ने दबोच मोर थाना पुलिस को किया सुपुर्द। ग्रामीणो ने बताया कि बीते कई दिनो से यह दोनो युवक गांव व आसपास के क्षैत्र मे घुम रहै थे। दोनो युवको के संदिग्ध गतिविधियो पर ग्रामीणो को संदेश हुआ तो ग्रामीणो ने अलग-अलग टोलियां बना दोनो युवको की निगरानी शुरू की। कई बार रात मे दोनो युवक अपनी मोटरसाईकिल को गांव के बाहर ही खडी कर पैदल ही गांव मे घुमते भी देखे गये। गुरूवार की रात दोनो युवको ने बाईक खडी कर गांव मे एक मकान मे घुसते ही ग्रामीणो ने एक-दुजे को मोबाईल के जरिये सुचना कर मकान की घेराबंदी कर दोनो युवको को दबोच लिया। इस दौरान इनके साथ मौजूद एक और अन्य युवक भागने मे कामयाब रहा। जिसका ग्रामीणो ने पीछा भी किया लेकिन वो भाग छुटा। मोर थाना पुलिस को ग्रामीणो से मिली सुचना पर तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंच पकडे गये दोनो युवको को पुलिस सुरक्षा मे ले पूछताछ शुरू की। ग्रामीण जीतराम,राकेश,बाबूलाल आदि ने बताया कि दोनो युवक चोरी की किसी बडी वारदात को अंजाम देने की फिराक मे घुम रहै थे। सम्पूर्ण मामले मे पुलिस ने शुरू की जांच पडताल।

वरिष्ठ वृद्धजन सम्मान समारोह आज

जयपुर। एल.एस. नगर नया खेडा क्षेत्र के निवासियों का दीवाली स्नेह मिलन एवं वरिष्ठ वृद्धजन सम्मान समारोह शनिवार 9 नवम्बर 2024 को सांय 6 बजे से 9 बजे तक श्री जागेश्वर शिव मंदिर राधा गोविन्द मंदिर एलएस नगर नया खेडा जयपुर में मुकेश पारीक की प्रेरणा से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आयुष्मान योजना के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन कर्ता शिवराज सिंह शेखावत विकास शाह मामराज अग्रवाल शंकर कुमावत मनमोहन मीणा मनोज जैन ने बताया कि सम्मान समारोह में एलएस नगर नया खेडा विद्याधर नगर क्षेत्र के वरिष्ठ वृद्धजनों का सम्मान किया जायेगा। सम्मान समारोह में जयपुर शहर सांसद मंजु शर्मा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय पार्षद दिनेश कांवट प्रियंका अग्रवाल के अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

गोदामो में खुले आम शराब बेची जा रही

आमेर । आमेर उपखण्ड क्षेत्र के गांव कूकस, खोरा मीणा, गुणावता, लबाना, अचरोल, चंदवाजी, में खुलेआम दारू के गोदामों पर शराब की बिक्री हो रही है प्रशासन और समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। यह समस्या न केवल कूकस, खोरा मीणा, गुणावता, लबाना, अचरोल, चंदवाजी, बल्कि आसपास के इलाकों में भी बढ़ती जा रही है, जिससे समाज में शराब के दुरुपयोग, अपराधों और सामाजिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इन सभी गांवों में स्थित शराब के गोदामों पर शराब की अवैध बिक्री खुलेआम हो रही है। यहां तक कि दिन के समय भी लोग बिना किसी रोक-टोक के शराब खरीदने के लिए आते हैं। यह स्थिति न केवल स्थानीय प्रशासन की असफलता को दर्शाती है, बल्कि इससे यह भी साफ़ हो जाता है कि शराब के कारोबारियों का प्रशासन के साथ किसी प्रकार का गठजोड़ हो सकता है। सरकारी नियमों के अनुसार, शराब के ठेके और गोदामों पर बिक्री के समय और अन्य नियम निर्धारित हैं, लेकिन इन गांवों में ये नियम कागजों तक ही सीमित नजर आते हैं। आबकारी विभाग सी आई विष्णु गोयल का कहना है कि मेरे पास पहले भी कई बार शिकायत आई थी और मैने उचित कारवाई करवाई थी अगर ऐसा दोबारा हो रहा है तो मैं दोबारा से कठोर कारवाई करवाऊंगा।

पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

पावटा। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत सहायता राशि एक लाख रुपए के भुगतान आदेश जारी कर पीड़ित को चेक वितरित किया गया। जिला कलेक्टर ने लंबित मुख्यमंत्री सहायता कोष के प्रकरण का निस्तारण किया ताकि पीड़ित को राहत प्रदान की जा सके जिसके तहत उन्होंने पीड़ित स्वर्गीय देवेंद्र कुमार बुनकर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी ममता वर्मा निवासी बनीपार्क, बागावास अहिरान तहसील विराटनगर जिला कोटपूतली-बहरोड़ को राशि 1 लाख का चैक प्रदान किया गया।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह

दूदू । न्यायालय परिसर में स्थित अभिभाषक संघ दूदू के कक्ष में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया इस अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश शिवकुमार द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीति चौधरी न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश कुमावत अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार सहायक कलेक्टर वीरेंद्र सिंह अभिभाषक संघ अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा सहित अभिभाषक मौजूद रहे इस अवसर पर अधिवक्ताओं को आईडी कार्ड भी वितरित किए गए